कार्यालय निदेशक, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान,उ0प्र0, लखनऊ।

संख्या:–जे0टी0आर0आई0 / स्टोर / नीलामी / 457 दिनांक: 2 फरवरी 15/3, 2020

नीलामी हेतु सूचना

न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, उ0प्र0, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में उपलब्ध पुराना फर्नीचर एवं इलेक्ट्रिकल्स सामग्री की नीलामी जहां है, जैसा है के आधार पर दिनांक 25.03.2020 को संस्थान परिसर में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति विस्तृत जानकारी / शर्तो को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 18.03.2020 से 20.03.2020 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है। जमानत नकद धनराशि रू0 5000.00 (रू0 पांच हजार मात्र) को प्रातः 11.00 बजे से 12.00 बजे तक दिनांक 25.03.2020 को नकद जमा करना होगा और उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे नीलामी की जायेगी। अधिकतम बोली दाता को उसी दिन कुल धनराशि नकद जमा करके समस्त सामान 24 घण्टे के अन्दर कार्यालय समय में अपने व्यय पर उठाना होगा। उक्त अवधि में सामान न उठाने की स्थिति में धरोहर धनराशि को जब्त करते हुए द्वितीय बोली दाता को अवसर प्रदान कर दिया जायेगा तथा उसके पक्ष में बोली निस्तारित कर दी जायेगी। निदेशक को बिना कारण बताये किसी भी बोली को अस्वीकार करने तथा निरस्त करने का अधिकार होगा। नीलामी से सम्बन्धित नियम एवं शर्तो में बिना किसी पूर्व सूचना के परिवर्तन किया जा सकता है। जी0एस0टी0 नियमानुसार बोली दाता द्वारा देय होगी।

12.03.2020

(कुशलपाल)
अपर निदेशक / अध्यक्ष
निष्प्रयोज्य समिति